# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की सप्तम (सातवीं) बैठक का कार्यवृत

### रविवार, २० जुलाई २०२५, द ग्रांड परंपरा गार्डेन, रायपुर, छत्तीसगढ़

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र २०२३-२५ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की सप्तम बैठक रविवार, २० जुलाई २०२५ को रायपुर स्थित द ग्रांड परंपरा गार्डेन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के सभापतित्व में आयोजित की गई।

**बैठक में निम्नलिखित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की उपस्थिति रहीं:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री संतोष सराफ | श्री गोवर्धन प्र. गाड़ोदिया | श्री पवन कुमार गोयनका |
| श्री रंजीत कुमार जालान | श्री राज कुमार केडिया | श्री मधुसूदन सीकरिया | डॉ. सुभाष अग्रवाल |
| श्री कैलाश पति तोदी | श्री पवन कुमार जालान | श्री पवन बंसल | श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया |
| श्री अमर बंसल | श्री गिरधर गोपाल अग्रवाल | श्री कैलाश काबरा | श्री युगल किशोर अग्रवाल |
| श्री अशोक केडिया | श्री मोहनलाल बजाज | श्री दिनेश कुमार अग्रवाल | श्री सीताराम अग्रवाल |
| श्री शरद सरावगी | श्री कमलेश कुमार नाहटा | डॉ. सुभाष चंद्र अग्रवाल | श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया |
| श्री राज कुमार मिश्रा | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | श्री पवन कुमार शर्मा | श्री मन्नालाल बैद |
| श्री विश्वनाथ भूवालका | श्री बसंत कुमार मित्तल | श्री दीपक पारीक | |

**निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सुचना दी:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नन्द लाल रुँगटा | श्री राम अवतार पोद्दार | श्री आत्माराम सोंथलिया | श्री महेश जालान |
| श्री बिनोद तोदी | श्री रघुनाथ प्र. झुनझुनवाला | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल | श्री बिनय सरावगी |
| श्री सुरेश कमानी | | | |

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। यह बैठक सत्र २०२३-२५ की आखिरी बैठक थी। बैठक के शुरुआत में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री अमर बसंल एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय पदाधिकारियों एवं अखिल भारतीय समिति के सदस्यों को बैठक में पधारने हेतु आभार व्यक्त किया। साथ ही बैठक में भाग लेने हेतु देश के विभिन्न भागों से पहुँचे सभी महानुभावों के भोजन एवं आवास की उचित व्यवस्था करने हेतु प्रमुख भूमिका निभाने के लिए प्रांत के कोषाध्यक्ष श्री सुरेश चौधरी का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोंह के संचालन हेतु प्रांतीय महामंत्री श्री जी.जी. अग्रवाल का भी अभिवादन किया गया।

**कार्यसुची १: अध्यक्षीय संबोधन।**

राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक को प्रारंभ करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने कहा कि बदलते समय के साथ-साथ सम्मेलन के गतिविधियों में भी निखार आ रहा है एवं प्रांतों में गतिविधियाँ तेज होती जा रही है। साथ ही साथ उनकी कार्यशैली में दक्षता भी बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में अभी तक ५००० नए सदस्यों को सम्मेलन से जोड़ा गया है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पूर्वोत्तर एवं उत्कल प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन की शाखाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की ओर बढ़ रही है। साथ ही साथ पूर्वोत्तर में नए-नए पदक्षेप लिए जा रहे है। जिससे सम्मेलन को एक नई दिशा एवं गति मिल रही है। सत्र २०२३-२५ की गतिविधियों के विषय में विस्तार से बताते हुए कहा कि अनेको क्षेत्रों में इस सत्र में रिकार्ड काम किए गए है। अनेकों नए-नए पदक्षेप लिए गए है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में राष्ट्रीय पदाधिकारियों द्वारा अभूतपूर्व ढ़ग से प्रांतों एवं शाखाओं का दौरा किया गया है। जिसके फलस्वरुप एक व्यापक संपर्क स्थापित होने में सफलता मिली है। इसका सकारात्मक फल देखने को मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने अपनी पूरी टीम एवं सभी प्रांतों के पदाधिकारी एवं सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया। उन्होंने सभी को धन्यवाद देते हुए आशा व्यक्त की कि आगे भी सम्मेलन इसी गति से बढ़ता जाएगा।

**कार्यसुची २: राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की गत बैठक का कार्यवित पारित करना।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने दिनांकः २७ अप्रैल को कानपुर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के कार्यवृत को सभा पटल पर प्रस्तुत किया, जिसे सर्वसम्मति से सभा सदस्यों ने पारित किया।

**कार्यसुची ३ः राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा विगत कार्यकलापों की जानकारी।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर अपनी विस्तृत रपट प्रस्तुत की। जिसमें उन्होंने सम्मेलन की गतिविधियों को विस्तार से सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों ने इस सत्र में हुए कार्यों की सराहना की एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन दिया।

**कार्यसुची ४ः लेखा परिक्षकों द्वारा जाँचे गए सम्मेलन के वित्तीय वर्ष २०२४-२५ के ''आय-व्यय, लेखा-जोखा तथा संतुलन पत्र'' का समिति की स्वीकृति हेतु प्रस्तुति।**

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदार नाथ गुप्ता की अनुपस्थिति में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री पवन कुमार जालान ने वित्तीय वर्ष २०२४-२५ का लेखा परीक्षक द्वारा जाँचे गए लेखा-जोखा एवं संतुलन पत्र प्रस्तुत किया। ऑडिटर द्वारा जांच किए गए लेखा-जोखा सदस्यों के सामने प्रस्तुत किया। इस संबंध में सदस्यों की जिज्ञासाओं का उत्तर दिया। जिसे बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार-विमर्श के बाद इसे सर्वसम्मति से पारित किया।

**कार्यसुची ५ः प्रांत प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों, प्रांतीय अध्यक्षों/महामंत्री द्वारा संगठन प्रगति एवं समाज सुधार की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी की संक्षिप्त रपट।**

राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण डॉ. सुभाष अग्रवाल, श्री राज कुमार केडिया, श्री मधुसूदन सीकरिया, एवं श्री रंजीत जालान ने अपने-अपने प्रभारी प्रदेशों की रपट प्रस्तुत की।

बिहार प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री यूगल किशोर अग्रवाल, पूर्वोत्तर के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाशचंद काबरा, उत्कल प्रांत के अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, झारखंड प्रांत के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री बसंत मित्तल, महाराष्ट्र प्रांत के अध्यक्ष श्री निकेश गुप्ता, मध्य प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सकलेचा, कर्नाटक प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री सीताराम अग्रवाल, तमिलनाडु प्रांत के अध्यक्ष श्री अशोक केडिया, आतिथ्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष श्री अमर बंसल, दिल्ली प्रांत के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया तथा श्री मन्ना लाल बैद एवं महाराष्ट्र प्रांत के निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री रमेश बंग एवं झारखंड से समिति सदस्य श्री रमेश खिरवाल, ने अपने प्रांतों में हो रही गतिविधियों के बारे में सभा को जानकारी दी। साथ ही अपने विचार सभा के समक्ष रखें।

**कार्यसुची ६ः सत्र २०२५-२७ के लिए चुनाव अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु संपन्न की गई प्रक्रिया से संबंधित दी गई जानकारी से अवगत कराना।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने जानकारी दी कि आज दिनांकः २० जुलाई २०२५ की अखिल भारतीय समिति की बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी श्री प्रदीप जीवराजका ने अगले सत्र हेतु श्री पवन कुमार गोयनका, दिल्ली को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने श्री पवन कुमार गोयनका को बधाई दी एवं सभी उपस्थित सदस्यों ने इस घोषणा का करतल ध्वनी से स्वागत किया।

**कार्यसुची ७ः राष्ट्रीय साधारण अधिवेशन की तारीख/समय तथा स्थान निश्चित करने पर आवश्यक निर्णय।**

बैठक में सभी सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श के उपरांत सम्मेलन का २८वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांकः ६ और ७ सितंबर २०२५ को नई दिल्ली में दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के आतिथ्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। जिसका सभा में उपस्थित सदस्यों ने स्वागत किया।

**कार्यसुची ८ः आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन में दिए जाने वाले 'भंवरमल सिंघी समाज सेवा सम्मान' एवं 'नंदकिशोर जालान संगठन समर्पण सम्मान' के नामों की घोषणा।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने प्रत्येक राष्ट्रीय अधिवेशन में दिए जाने वाले सम्मान 'भंवरमल सिंघी समाज सेवा सम्मान' हेतु बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से मनोनयन हेतु नामांकन पुरस्कार चयन समिति को भेजने के लिए आग्रह किया। साथ ही सम्मेलन के सबसे लंबे तक राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे श्री नंद किशोर जालान के परिवार द्वारा उनकी स्मृति में 'नंदकिशोर जालान संगठन समर्पण सम्मान' सम्मेलन की ओर से दिए जाने हेतु भी नामांकन पुरस्कार चयन उपसमिति को भेजने का आग्रह किया।

**कार्यसुची ९ः सम्मेलन से मिलते-जुलते नाम की नई संस्था खुलने पर विचार-विमर्श एवं आवश्यक निर्णय।**

गत दिनों अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के नाम से मिलते-जुलते नाम की संस्था संज्ञान में आई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमें ऐसे संस्थाओं से दूरी बनानी चाहिए। साथ ही ऐसी किसी भी संस्था में पद अथवा सदस्यता नहीं लेने के लिए सभी से आग्रह किया।

**कार्यसुची १०ः भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श।**

बैठक में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के २८वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांकः ६ एवं ७ सितंबर २०२५ को नई दिल्ली में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपस्थित सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने भवन निर्माण उपसमिति के चेयरमैन मनोनित होने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। उन्होंने भवन निर्माण की पूरी जानकारी देते हुए कहा कि शीघ्र ही भवन का निर्माण कार्य शुरु हो जाएगा।

निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने बताया कि २०२४-२५ की वार्षिक साधारण सभा ३० सितंबर २०२५ के मध्य संपन्न होना आवश्यक है। इस संबंध में उन्होने सभी सदस्यों से तिथि तय करने का अनुरोध किया। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद में सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को २३ अगस्त २०२५ को वार्षिक साधारण सभा बुलाने का निर्णय दिया।

**कार्यसुची ११: विविध - राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने बैठक का संचालन किया।

अंत में सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन सीकरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष                                        राष्ट्रीय महामंत्री